26.06.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10 pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- ओम बिरला लोकसभा के दोबारा चुने गये अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।
- भोपाल में आयोजित हुआ लोकतंत्र सेनानियों का सम्मेलन, मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं।
- प्रदेश में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के लिए भोपाल में कल से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप में कल होंगे सेमीफायनल के मुकाबले।

लोकसभा अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस ने के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन विपक्षी पार्टियों ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मतविभाजन की मांग नहीं की। जिसके बाद ध्वनिमत से श्री बिरला को अध्यक्ष चुन लिया गया।

प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बन रहा है। उन्होंने कहा कि सदन अगले पांच वर्षों तक उनके मार्गदर्शन का लाभ उठायेगा। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के समर्थन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने ओम बिरला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि पहले ही दिन लोकसभा में श्री बिरला ने आपातकाल की ज्यादतियों को याद किया जो निश्चित ही सराहनीय है।

लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। आपातकाल के कष्टों से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से तत्कालीन परिस्थितियों, दमन और लोकतंत्र सेनानियों की जीवटता का उल्लेख पाठ्यक्रम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे लोकतंत्र सेनानियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को सर्किट हाऊस और विश्राम गृह में तीन दिन तक रूकने की सुविधा तथा किराये में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। जिन लोकतंत्र सेनानियों को अब तक ताम्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं उन्हें ताम्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। लोकतंत्र सेनानियों को पास दिखाने पर टोल नाकों पर भी छूट रहेगी। उनके आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज पर हुए व्यय के भुगतान में विलम्ब नहीं होगा। गंभीर स्वास्थ्य समस्या के लिए उन्हें एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलाब्ध कराई जाएगी। एयर टैक्सी सुविधा में 25 प्रतिशत की किराए छूट प्रदान की जाएगी।

कार्यशाला महिला बाल विकास

प्रदेश में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के लिये नीति तैयार करने के लिये भोपाल में महिला बाल विकास विभाग द्वारा कल से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया कल होटल पलाश रेसिडेंसी में कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। कार्यशाला में लगभग 45 से ज्यादा विभागों के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। कार्यशाला के पहले दिन महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रमुख प्राथमिकता विषय और लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण–वैश्विक मुद्दों चर्चा होगी। लिंग आधारित भेदभाव, हेल्थ एण्ड न्यूट्रिशन, महिलाओं और बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा, कौशल विकास आदि विषयों पर ग्रुप–डिस्कशन भी होगें।

नदी जोड़ो अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश से जुड़े दो बड़े नदी जोड़ो अभियान के प्रोजेक्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष रुचि है, इसे लेकर आज जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल तथा राज्यमंत्री वी. सोमन्ना और राज भूषण चौधरी से नई दिल्ली मुलाकात हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन–बेतवा नदी जोड़ो अभियान और पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना पर सरकार गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। साथ ही उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकार से भी समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के प्रारंभ होने से बुंदेलखंड के साथ ही प्रदेश के अन्य क्षेत्र के जिलों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उन्हें निमंत्रण दिया गया, जिसमें उन्होंने अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति दी है।

नशा निरोधक दिवस

आज 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस' मनाया जा रहा है। प्रदेश में इस अवसर पर जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। खण्डवा में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में मरीजों, उनके परिजनों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित ने नशा न करने की शपथ दिलाई। आगरमालवा में स्थानीय गांधी उपवन से नशामुक्ति रैली निकाली गई जिसमें शासकीय अधिकारी कर्मचारीगण सहित ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अनेक खेल प्रतिभाओं ने सहभागिता की। रैली के समापन पर नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

नया आपराधिक कानून

तीन नए आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 अगले महीने की पहली तारीख से प्रभावी होंगे। इन विधेयकों को पिछले वर्ष शीतकालीन सत्र में संसद ने पारित किया था। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कानूनों का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली सृजित करना है। नए आपराधिक कानूनों के मुख्य प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग करना, किसी भी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज करना और पीड़ितों को प्राथमिकी की मुफ्त प्रति उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अलावा किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किये जाने पर उसे अपनी पंसद के व्यक्ति को अपनी स्थिति की जानकारी देने का अधिकार होगा। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध होने वाली हिंसा की जांच को प्राथमिकता दी गई है। इस तरह के मामलों का निपटारा सूचना दर्ज होने के दो महीने के भीतर करना होगा।

टी–ट्वेंटी विश्वकप

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में कल अफगानिस्तान का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे समीफाइनल में कल शाम गयाना में भारत और इग्लैंड आमने–सामने होंगे। विश्वकप फाइनल शनिवार को बारवाडोस में खेला जाएगा।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- एसएएफ बटालियन कैंप कटनी के दुर्घटनाग्रस्त हेड कांस्टेबल ललित राय को आज पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा से द्वारा जबलपुर के डुमना विमान तल से उपचार हेतु भोपाल ले जाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा सेवा की शुरुआत किये जाने के बाद आपात स्थिति में उपचार के लिये सेवा का उपयोग करने का यह दूसरा प्रकरण है।
- देवास के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में करोड़ों रुपये की अनियमितताओं के मामले में जिला प्रशासन के प्रतिवेदन के आधार पर कोतवाली पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।
- शिवपुरी जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु राहत आयुक्त द्वारा दिए निर्देशानुसार बाढ़ नियंत्रण कक्ष के लिए जिले में राहत प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।
- गुना में जिला पंचायत रेस्ट हाउस में जिला स्तरीय पूर्व सैनिक रैली एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 250 से अधिक पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों ने भाग लिया।
- नीमच जिले में आगामी 28 जून को सभी 243 ग्राम पंचायतों में रक्त समूह परीक्षण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से जिले के एक लाख से अधिक लोगों का ब्लड ग्रुप जांचने का लक्ष्य रखा गया है।

-------------------------